# फर्जी निवेश वेबसाइट चलाकर 3500 करोड़ से अधिक की ठगी का पर्दाफाश

## पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, तीन लाख से अधिक लोगों को शिकार बनाया था

**भरतपुर/जयपुर।** भरतपुर पुलिस ने एक विशाल फर्जी निवेश नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस नेटवर्क ने देशभर के तीन लाख से अधिक भोले-भाले निवेशकों से 3500 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की थी। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के पांच मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे भारी मात्रा में संपत्ति जब्त की है।

जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर दिगत आनंद के निर्देशन में वृत्ताधिकारी भरतपुर शहर पंकज यादव, आईपीएस की गठित टीम ने यह प्रभावी कार्रवाई की। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब 12 नवंबर को थाना मथुरा गेट पर एक मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि एक फर्जी निवेश वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन क्रिप्टो करेंसी एवं विदेशी बाजारों (फॉरेक्स) में उच्च लाभ, बोनस और अतिरिक्त प्रलोभन का झांसा देकर लोगों से निवेश करवा रही थी। जांच में पाया गया कि यह कंपनी भारत में सेबी, आरबीआई, एमसीए या किसी भी सक्षम प्राधिकरण से पंजीकृत नहीं थी।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में संपत्ति जब्त की।

**रूस का दावा, संचालन जयपुर से :-** अनुसंधान के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। वेबसाइट खुद को 2016 से रूस में संचालित होना बताती थी, लेकिन पुलिस ने खुलासा किया कि इसका वास्तविक संचालन नवंबर 2022 में जयपुर से शुरू किया गया था। इस फर्जी नेटवर्क के निर्माण और संचालन की मुख्य भूमिका में संदीप सिगर और रजत शर्मा नामक व्यक्ति पाए गए। वेबसाइट 47 लाख उपयोगकर्ताओं और 4.3 बिलियन डॉलर फंड प्रबंधन का झूठा दावा कर रही थी, जबकि वास्तविक जांच में लगभग 4.7 लाख उपयोगकर्ता सामने आए, जिनसे जमा की गई वास्तविक राशि 350 मिलियन डॉलर (लगभग 3100 करोड़ रुपये) निकली। यही समूह एक और फर्जी निवेश वेबसाइट भी चला रहा था, जिसके माध्यम से लगभग 9000 उपयोगकर्ताओं से 58 मिलियन डॉलर (500 करोड़ रुपये से अधिक) की ठगी की गई थी।

- **पुलिस ने लगभग 40 लाख नकद, सोने के जेवर, 5 लग्जरी वाहन और लगभग 40 लाख रुपये मूल्य की क्रिप्टो करेंसी जब्त की**

**आरोपी गिरफ्तार, करोड़ों की संपत्ति जब्त :-** भरतपुर पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग 40 लाख रुपये नकद, सोने के जेवरात, 5 लग्जरी वाहन और लगभग 40 लाख रुपये मूल्य की क्रिप्टो करेंसी जब्त की है। यह कार्रवाई अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम 2019 और बीएनएस की धाराओं के तहत की गई है। इस पूरी कार्रवाई में वृत्त कार्यालय भरतपुर शहर के कांस्टेबल सोनू मीना की विशेष भूमिका रही।

इस विशेष गठित टीम में एसआई मथुरा गेट बलराम यादव, एएसआई हरगोपाल, थाना कोतवाली से एएसआई चंद्रशेखर, सीओ सिटी कार्यालय से एएसआई हिम्मत सिंह, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल सोनू मीणा, देवेंद्र सिंह, भरत, थाना साइबर से कांस्टेबल कुंवर पाल, थाना अटलबंध से कांस्टेबल अंकित, थाना कोतवाली से कांस्टेबल विश्वेंद्र सिंह एवं साइबर सेल भरतपुर की टीम शामिल थे, जिन्होंने यह बड़ी सफलता हासिल की।

# कोयला माफ़िया ने 20 बीघा चरागाह भूमि से हरे वृक्ष उखाड़े

- **बताया जा रहा है कि माफ़िया ने जेसीबी से 200 बीघा चरागाह में से लगभग 20 बीघा भूमि पर लगे विलायती बबूल के हरे वृक्षों को जड़ से उखाड़ दिया**
- **माफ़िया की मनमानी के कारण, ज़रूरतमंद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और असंतोष फैल रहा है**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद क्षेत्र के बालापुरा ग्राम में कथित तौर पर कोयला माफ़िया के बेखौफ इरादों ने सार्वजनिक चरागाह भूमि की हरियाली को नष्ट कर दिया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। बताया जा रहा है कि माफ़िया ने जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल कर 200 बीघा चरागाह में से लगभग 20 बीघा भूमि पर लगे विलायती बबूल (बम्बूल) के हरे वृक्षों को जड़ से उखाड़ दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, यह अवैध गतिविधि यहीं नहीं रुक रही है और माफ़िया शेष चरागाह भूमि की हरियाली को भी नष्ट करने पर तुला हुआ है। स्थानीय लोगों ने माफ़िया को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी भी चेतावनी या विरोध को अनसुना कर रहा है। वहीं ग्रामीण ने बताया कि चरागाह भूमि हमारे पशुओं के लिए जीवनरेखा है। माफ़िया ने खुलेआम पेड़ों को उखाड़ दिया है। विरोध करने पर भी वह नहीं रुक रहा, जिससे हमारी हरियाली पूरी तरह से नष्ट हो रही है।

मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब यह पता चला कि माफ़िया न केवल हरियाली को नष्ट कर रहा है, बल्कि ग्रामीणों को अपने आवारा पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए साधारण बाड़ (मेढ़/बाढ़) लगाने से भी रोक रहा है। ज़रूरतमंद आदमी, जिनके पशुओं को खुले में रखने की समस्या है, उन्हें माफ़िया के इस कृत्य से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माफ़िया की मनमानी के कारण, ज़रूरतमंद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और असंतोष फैल रहा है। इस गंभीर स्थिति ने ग्रामीणों को स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाने के लिए मजबूर कर दिया है, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों को उखाड़ने के बावजूद, अब तक माफ़िया के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

# बेटे की शादी से पांच दिन पहले पिता की हार्टअटैक से मौत

- **रिश्तेदारों के साथ जमकर डांस किया, थके तो कुर्सी पर बैठे, फिर नहीं उठे**

**बीकानेर,** (निसं)। यहां बेटे की शादी से पांच दिन पहले पिता की हार्टअटैक से मौत हो गई। बेटे की शादी की खुशी में रिश्तेदारों के साथ पिता नाच रहे थे। नाचने के बाद वे थक कर कुर्सी पर बैठ गए। कुर्सी पर बैठे-बैठे ही उनको हार्ट अटैक आया और वहीं बेसुध हो गए। परिजन उनको पीबीएम हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर्स ने प्रारंभिक तौर पर साइलेंट हार्ट अटैक से मौत होना बताया है।

घटना से कुछ देर पहले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे परिवार के साथ डांस करते दिखाई दे रहे हैं। डांस करने पर पूनमचंद थक गए तो उन्होंने नाचने से मना कर दिया, लेकिन लोगों की फरमाइश पर फिर नाचने लगे। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापत ने बताया कि पूनम चंद प्रजापत (57) निवासी बंगलानगर के बेटे पंकज की 25 नवंबर को शादी होनी है। घर में मांगलिक आयोजन में बहन-बेटियां और परिवार के सदस्य शामिल होने पहुंच गए। बुधवार को दोपहर करीब 1.30 बजे पूनमचंद घर में शादी की खुशी में चल रहे नाच-गाने में शामिल थे। उन्होंने परिवार के लोगों के साथ खूब डांस किया। जब वह थक गए तो एक कुर्सी पर जाकर बैठ गए। थोड़ी देर बाद ही वह कुर्सी पर बैठे-बैठे बेसुध हो गए। पूनमचंद के अचानक बेसुध होने पर परिजन घबरा गए। वह पूनमचंद को लेकर पीबीएम के हल्दीराम हार्ट हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उनको मृत घोषित कर दिया। पूनमचंद के निधन की सूचना मिलते ही शादी वाले घर में मातम छा गया। उनकी बेटियां अंजू और राजू भी बेसुध हो गईं। पूनमचंद का बेटा पंकज बुधवार को जयपुर में था, उसे गुरुवार को बीकानेर आना था। पूनमचंद की मौत के बाद उसे जानकारी दी गई और तुरंत बीकानेर बुलाया गया।

# प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू

- **दो पारियों में चल रही इन परीक्षाओं में करीब 27 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं**
- **क्लास 9 से 12 के लिए प्रदेशभर में एक ही पेपर, बोर्ड पैटर्न पर हो रहे हैं एग्जाम**

**बीकानेर,** (निसं)। शिक्षा विभाग की समान परीक्षा योजना के तहत गुरुवार से प्रदेशभर के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में नौवीं से बारहवीं तक हाफ इयरली परीक्षाएं एकसमान टाइम-टेबल के साथ शुरू हो गईं। दो पारियों में चल रही इन परीक्षाओं में करीब 27 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। सुबह की पारी के बाद दोपहर डेढ़ बजे से दूसरी पारी शुरू हो चुकी है। पहली ही दिन स्टूडेंट्स ने अनिवार्य अंग्रेजी का पेपर दिया, जबकि शुक्रवार को दसवीं में विज्ञान और ग्यारहवीं-बारहवीं में हिन्दी का अनिवार्य पेपर होगा।

राज्यभर में पहली पारी 9:30 से 12:45 बजे तक आयोजित हुई, जबकि दूसरी पारी 1:15 से 4:30 बजे तक ली जा रही है। पेपर बोर्ड पैटर्न पर तैयार किए गए हैं और उन्हें सील-पैक तरीके से परीक्षा केंद्रों तक भेजा जा रहा है। प्राइवेट स्कूलों को पेपर सीधे नहीं दिए जा रहे हैं बल्कि सरकारी स्कूलों को नोडल एजेंसी बनाया गया है। अधिकृत व्यक्ति को ही परीक्षा से कुछ देर पहले पेपर उपलब्ध कराया जा रहा है। एक ही दिन, एक ही समय और एक ही पेपर से परीक्षा होने के कारण नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों को बोर्ड जैसा अनुभव मिल रहा है। शिक्षा विभाग का उद्देश्य छात्रों को बड़े एग्जाम के लिए मानसिक रूप से तैयार करना है।

शहर के कई स्कूलों में छात्रों की अनुपस्थिति देखने को मिल रही है। एक प्राइवेट स्कूल संचालक मनोज व्यास के अनुसार, 22 नवंबर और 30 नवंबर को बड़े पैमाने पर विवाह समारोह होने के कारण बच्चे घर से बाहर हैं। कई विद्यार्थी दो से चार पेपर तक मिस कर रहे हैं, जिससे टीचर्स ने परीक्षा की तारीख तय करते समय इस पहलू पर विचार न करने को लेकर विभाग पर सवाल उठाए।

पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षा कार्यालय की ओर से आयोजित इस समान परीक्षा में इस बार 27 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। कक्षा 9 से 12 तक के सभी छात्रों के लिए एक-समान पेपर प्रकाशित करवाए गए हैं।

# मजदूर परिवार की किशोरी से दुष्कर्म, पड़ोसी गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। यहां बीछवाल थाना क्षेत्र की एक आवासीय कॉलोनी में 14 साल की किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म करने वाला किशोरी का पड़ोसी है।

बीछवाल थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में बिहार का रहने वाला परिवार मजदूरी कर अपना गुजारा कर रहा है। परिवार में पति-पत्नी, 10 साल का बेटा और 14 साल की बेटी है। पति-पत्नी एक फैक्टरी में काम करते हैं। आरोप है कि 16 नवंबर को फैक्ट्री की छुट्टी थी। पति-पत्नी घर का सामान लेने बाजार गए थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला अर्जुनराम किशोरी को जबरन अपने कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की आंखों में कुछ विकार है। पति-पत्नी घर पहुंचे तो वारदात का पता चला। किशोरी ने उन्हें बताया कि आरोपी ने पूर्व में भी बार-बार उसके साथ दुष्कर्म किया है। परिजनों ने बीछवाल थाना पुलिस को रिपोर्ट दी तो पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर किशोरी का मेडिकल कराया गया। पुलिस ने अर्जुनराम को गिरफ्तार कर लिया है।

14 साल की युवती के साथ पड़ोस में रहने वाले युवक की ओर से बार-बार दुष्कर्म किए जाने की गंभीर वारदात में पुलिस ने गुपचुप तरीके से कार्रवाई की। परिजन पुलिस के पास पहुंचे तो मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोप प्रमाणित पाए जाने पर अर्जुनराम को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महिलाओं पर अपराध संबंधी इस मामले में पुलिस ने इतनी गोपनीयता बरती कि किसी को पता ही नहीं चलने दिया।

# दस दिन तक मौसम शुष्क रहने की उम्मीद

**बीकानेर,** (निसं)। यहां सर्दी बढ़ रही है लेकिन इस रफ्तार अगले कुछ दिनों तक थम सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले दस दिन तक मौसम शुष्क रहने की उम्मीद जताई है, साथ ही तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना भी है।

बीकानेर में इन दिनों न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच है, वहीं अधिकतम पारा 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। ऐसे में आने वाले दस दिन तक कमोबेश इतना ही पारा रह सकता है। जिले के मौसम में तरह-तरह का असर दिख रहा है। सुबह और रात के तापमान में बड़ा अंतर सामने आ रहा है। सुबह दस बजे तक जहां 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान रहा, वहीं रात को ये 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आज भी दिन में हल्की धूप रहने और आसमान में बादल दिख सकते हैं।

शाम-रात में फिर से सर्दी रहेगी। न्यूनतम तापमान दस से बारह डिग्री सेल्सियस के बीच ही रहने की उम्मीद है। शहर की हवा बहुत खराब स्थिति में पहुंच गई है। बीकानेर में एक्यूआई लगभग 163-174 तक मापा गया है, जो खराब श्रेणी में दर्ज होता है।

पिछले लंबे अर्से से बीकानेर में एक्युआई बहुत ही खराब स्थिति को दर्ज करा रहा है, लेकिन इससे सुधार की फिलहाल कोई स्थिति नजर नहीं आ रही है। कोई प्रशासनिक प्रयास भी नहीं है।

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर खेत में ड्रोन मिला

**जैसलमेर,** (निसं)। जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर रामगढ़ नहरी इलाके के खेत में ड्रोन मिला है। सूचना मिलने के पश्चात पुलिस, वायुसेना और सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ नहरी क्षेत्र में स्थित एक खेत में गुरुवार दोपहर ड्रोन मिला। स्थानीय किसान ने खेत में इसे देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस एएसआई प्रेमशंकर ने बताया कि हमें सूचना मिली की खेत में एक ड्रोन गिरा है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे और ड्रोन के आसपास से भीड़ को हटाया। सूचना पर दोपहर 3 बजे भारतीय वायुसेना और सेना की टीम मौके पर पहुंची। सेना से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय वायुसेना का यूएवी तकनीकी खराबी के कारण एक खेत में गिरा। यह यूएवी अपने नियमित अभ्यास उड़ान पर था, तभी इसमें तकनीकी समस्या आ गई। वायुसेना की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। ड्रोन ने जमीन पर गिरने के बाद कई फीट तक स्लाइड करते हुए मिट्टी में खिंचाव बनाए। इसके आगे वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पंख और पिछले हिस्से के फिन्स सुरक्षित हैं। ड्रोन किसी सर्विलांस, रिकॉर्डिंग या तकनीकी निगरानी मिशन में काम आने वाला मॉडल है।

# रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी से 46.39 लाख की सायबर ठगी

## शेयर मार्केट में रिटर्न का झांसा देकर ठगी की, पीड़ित ने पुलिस में दी शिकायत

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर में गुरुवार सायबर अपराधियों ने रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी को ठगी का शिकार बनाया, शातिरों ने शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर 46 लाख 39 हजार रुपए ठगे। शातिर ठगों ने फेसबुक एड के जरिए संपर्क साधा और पीड़ित को फर्जी एप डाउनलोड करवाकर बैंकिंग जानकारी हासिल कर ली। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सायबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच जुट गई है।

सायबर थाना पुलिस के अनुसार चंद्रवरदाई नगर निवासी इफ्तेखार अहमद सिद्दीकी रेलवे से सेवानिवृत कर्मचारी हैं। सिद्दीकी ने दर्ज मुकदमे में बताया कि फेसबुक पर शेयर बाजार को लेकर एक विज्ञापन देखा और उसमें हां करने पर उसे व्हाट्सएप मैसेज मिला। मैसेज में दावा किया गया कि वह प्रतिदिन 10 से 30 प्रतिशत तक मुनाफा कमा सकता है। इसके बाद ठगों ने पीड़ित को यह कहते हुए फुसलाया कि यदि उसे शेयर मार्केट की समझ नहीं है तो वे उसे विशेषज्ञों के जरिए गाइड किया जाएगा। ठगों ने बातचीत कर झांसे में लेकर उनसे प्ले स्टोर से एक ऐप डाउनलोड करवाया। ऐप डाउनलोड करने के बाद उनसे बैंक डिटेल्स और व्यक्तिगत जानकारी अपलोड करवाने को कहा गया।

पीड़ित ने बताया कि इसके बाद उसे एक व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल किया गया,जहां रोजाना हाई प्रॉफिट स्कीम और फर्जी सफलता के स्क्रीनशॉट शेयर किए जाते थे। इस पर विश्वास कर उसने उनके बताए अनुसार अलग-अलग रुपए भेजने शुरू किए। 11 ट्रांजैक्शन के जरिए उससे 46 लाख 39 हजार रुपए विभिन्न बैंक खातों में जमा करवाए गए। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगों ने उसे 11 अलग-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क किया और चार संदिग्ध बैंक खातों में रकम डलवाई। जब पीड़ित ने मुनाफे की राशि निकालने का प्रयास किया, तो ऐप ने काम करना बंद कर दिया। इसके बाद ठगों ने सभी नंबर स्विच ऑफ कर दिए। तब जाकर उसे ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित की शिकायत पर सायबर थाना पुलिस ने सायबर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच रामगंज थाना प्रभारी रवीश सामरिया को सौंपी गई है।

# झोंपड़े में आग लगने से मासूम जिंदा जली

**बज्जू,** (निसं)। रणजीतपुरा थाना क्षेत्र के डेहरिया (बरसलपुर) के चक 2 बीएलएसएम में आग लगने से एक झोंपड़ा जल गया। इस घटना में चिमनाराम जाट की दो साल की बेटी मोनिका की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी भी मौके पर पहुंचे। विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने घटना को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि जानकारी मिलते ही वे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। विधायक ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और आमजन से आर्थिक सहयोग भी करवाया। उन्होंने राज्य सरकार स्तर से भी विशेष आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# बदमाशों ने युवक के सीने में गोली मारी

- **बदमाशों ने पहले मोबाइल, नकदी और बाइक छीनने की कोशिश की**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। अजमेर-भीलवाड़ा हाईवे नंबर 48 पर रायला थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह नकाबपोश दो बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति को लूट की नीयत से गोली मार दी। घटना उस समय हुई जब इंदौर निवासी मानसिंह (45) रायला थाना के पास सड़क किनारे शौच के लिए रुका था। इस दौरान पीछे से आए दो अज्ञात बदमाशों ने उससे मोबाइल, नकद राशि और बाइक छीनने की कोशिश की। जब मानसिंह ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके सीने में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगने से मानसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर रायला पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उदयपुर रेफर कर दिया गया। सूचना पर एफएसएल टीम भी भीलवाड़ा से घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। शाहपुरा के एडिशनल एसपी, गुलाबपुरा सीओ और रायला थाना अधिकारी बछराज चौधरी ने टीम के साथ मौके का मुआयना किया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

# मंदबुद्धि महिला से दुष्कर्म करने वाले को गार्ड को आजीवन कारावास

## न्यायालय ने दोषी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया

- **जज हिमांकनी गौड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि एक रक्षक ही भक्षक बन गया, इस अपराध की प्रकृति को देखते हुए सजा में नरमी का रुख अपनाया जाना उचित नहीं है, क्योंकि इससे समाज पर गलत प्रभाव पड़ेगा**

**अलवर,** (निसं)। अलवर के विशिष्ट न्यायालय पॉक्सो कोर्ट ने मंदबुद्धि महिला से रेप करने वाले गार्ड को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जज हिमांकनी गौड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि "एक रक्षक ही भक्षक बन गया। इस अपराध की प्रकृति को देखते हुए सजा में नरमी का रुख अपनाया जाना उचित नहीं है, क्योंकि इससे समाज पर गलत प्रभाव पड़ेगा।" न्यायालय ने दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आरोपी पश्चिम बंगाल का रहने वाला था।

सरकारी वकील सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि यह मामला अलवर के विजय मंदिर थाना क्षेत्र का है। महिला (50) एक संस्थान में रहकर अपना जीवन यापन कर रही थी। नवंबर 2024 में वहीं पर गार्ड की नौकरी कर रहे सुरेश मुंडा (50) ने महिला को अकेली देख उसके साथ रेप किया। सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि रेप करते हुए संस्थान के दूसरे कर्मचारियों ने देख लिया। गवाहों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 50 हजार रुपए के आर्थिक दंड से दंडित किया है। आरोपी पश्चिम बंगाल का रहने वाला था।

सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि कोर्ट में यह तथ्य पेश किया गया कि आरोपी सुरेश एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। तब उसका इलाज भी इसी संस्थान में रहकर हुआ था। जब वह ठीक हो गया तो उसे गार्ड की नौकरी दे दी गई।

यहां संस्थान में बेसहारा महिला और पुरुष रहते हैं। गार्ड का काम वहां रहने वालों की सुरक्षा करना है। इसके बावजूद सुरेश ने मानसिक रूप से कमजोर महिला के साथ रेप किया, जिसके कारण कोर्ट ने उसे सजा देने में नरमी बरतना उचित नहीं समझा और आजीवन कारावास के अलावा आर्थिक दंड से भी दंडित किया।

# लाखों के आभूषण व नकदी चोरी

**पावटा,** (निसं)। सरूण्ड थाना क्षेत्र के रघुनाथपुरा स्थित ब्राह्मणों के मोहल्ले में पुश्तैनी मकान में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पीड़ित नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने पुश्तैनी मकान में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए मकान में रखी तीन अलमारियों से नकदी व आभूषण चोरी कर फरार हो गए। एक अलमारी से अज्ञात चोरों ने 80 हजार नकद व जेवर, दूसरी अलमारी से 3 लाख नकद व जेवर व तीसरी अलमारी में भी जेवर, नकद दस हजार रुपए गुल्लक के चोरी कर ले गए।

वहीं अज्ञात चोरों ने पड़ोस में रहने वाले नरेंद्र मीणा पुत्र जगदीश मीणा के घर को भी निशाना बनाया हुआ है। वही लगे हुए सीसीटीवी फुटेज में अज्ञात चोर एक गाड़ी के साथ नजर आ रहे हैं। सीटीवी फुटेज थाना पुलिस को भी सौंपा गया, लेकिन पुलिस का इतना सहयोग करने पर पुलिस के हाथ खाली हैं।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में छह माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 15 मई को दीपाराम, लक्ष्मण, गणेशलाल, पन्ना, गिता तथा केसरबाई निवासी काड़ पुला नाल गोगुन्दा सभी बाइक पर गोगुन्दा जा रहे थे, जहां बीच रास्ते में लोगों ने दिपाराम व लखमाराम उर्फ लक्ष्मण का रास्ता रोककर मारपीट कर तलवार से हमला कर दिया, जिससे दिपाराम की मौत हो गई थी तथा लक्ष्मण घायल हो गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह मय टीम ने तकनीकी अनुसंधान में मिले सांख्यों एवं मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी पप्पूराम पुत्र होमा निवासी नाल फला डामरावास गोगुन्दा को गिरफ्तार किया।


**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय में गोल्ड मेडल आपूर्ति हेतु निविदा जारी की गयी हैं, जिसका यूबीएन **GSU2526GSOB00047** है, जारी की गई है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/14196 वित्त नियंत्रक

**BHARATPUR DEVELOPMENT AUTHORITY, BHARATPUR**

S. No:-Tech/BDA/2025-26/15964-75 Date :- 18-11-2025

**EXPRESSION OF INTREST**

**Consultancy work for preparation of Detailed Project Report for Construction of BDA office building and staff quarters at Bharatpur**

The Bharatpur Development Authority (BDA), Bharatpur Invites proposal for Preparation Of Consultancy work for preparation of Detailed Project Report for Construction of BDA office building and staff quarters at Bharatpur Detailed of EOI, eligibility criteria schedule and condition can be seen on https://eproc.rajasthan.gov.in from dated 19.11.2025 04:00 PM to 01.12.2025 at 4.00 pm.

UBN No.01. **WAQ2526SLOB00261**

राज.संवाद / सी / 25 / 14207

Executive Engineer
BDA, Bharatpur

**GOVERNMENT OF RAJASTHAN**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER WATER RESOURCES CIRCLE AJMER**

NO. 4179 Date: 13.11.2025

**E-NIT NO. 08/2025-26**

01 Bid are invited from interested bidders Upto 06.00 pm dated 11.12.2025 and technical bid will be opened on dated 12.12.2025 at 3.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 148.07 Lacs.

NIB NO. WRD2526A0524
UBN- WRD2526WSOB01523
DIPR/C/16921/2025

(Onkar Berwal)
Superintending Engineer
Water Resources Circle, Ajmer

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/201 - 203 Date :- 18/11/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 58/2025-26**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | रूपये 140.00 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | 19.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 09.12.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | 19.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 09.12.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | 10.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट **urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in** व **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2526SLOB00335

राज.संवाद/सी/25/14189

अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम
उदयपुर विकास प्राधिकरण

**VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY**
Rawatbhata Road, Kota -324021
Examination Department

No. :- VMOU/Exam/ 2025/1269 Date :- 18/11/2025

**Notice Inviting E-Tender of**
**"Transportation of Confidential material and blank answer copies"**
**NIB No. 18 Date: 18-11-2025**

University invites e-tender from the registered & reputed firms for "Transportation of Confidential material and blank answer copies" for University. The Estimated cost of the tender is Rs. 80.00 lacs. Tender will be available online from 20-11-2025 up to 01-12-2025 05:00 pm. on https://eproc.rajasthan.gov.in. Last date to fill tender online is 01-12-2025 Technical bid will be opened online on 02-12-2025 at 02:00 pm The bidders must send original D.D. of Tender form fees Rs. 2000/-, processing fees Rs. 1500/- and Bid Security DD for Rs. 160,000 last upto 01-12-2025 04:00 pm at the office of the undersigned. For further details, kindly visit websites **www.vmou.ac.in, https://eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.raj.nic.in {UBN Number: VMU2526SLRC00021}.** If any corrigendum generated/occurred, then it will be uploaded only on the above mentioned websites.

Raj.Samwad/C/25/14194 Controller of Examinations